पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल श्री राम नाईक ने स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

लखनऊः 20 अक्टूबर, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज विधान सभा में उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री तथा आन्ध्र प्रदेश के पूर्व राज्यपाल और पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी जी के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

राज्यपाल श्री नाईक ने कहा कि स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी ने उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। वे एक लोकप्रिय राजनेता थे। सभी दल के नेता उनका सम्मान करते थे। उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के विकास में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वे देश के एकलौते व्यक्ति थे, जिन्होंने दो राज्यों में मुख्यमंत्री पद के उत्तरदायित्व का निर्वहन किया। इसके साथ ही स्वर्गीय तिवारी ने आन्ध्र प्रदेश के राज्यपाल एवं केन्द्रीय मंत्री के पद पर भी अपनी सेवाएं प्रदान की।

राज्यपाल ने कहा ''उत्तर प्रदेश आने के बाद मेरी स्वर्गीय तिवारी जी से भेंट-मुलाकात होती रहती थी। राजभवन के कार्यक्रमों में वे प्रमुखता से शामिल होते थे। स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी से मेरी मुलाकात विगत वर्ष 10 मार्च, 2017 को हुई थी। इस अवसर पर मैंने उन्हे अपनी पुस्तक 'चरैवेति! चरैवेति!!' भी भेंट की थी। उनके साथ उनकी पत्नी डॉ0 उज्ज्वला शर्मा एवं पुत्र रोहित शेखर भी साथ में आये थे।''

श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में बिहार के राज्यपाल श्री लालजी टण्डन, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी, उप मुख्यमंत्री डॉ0 दिनेश शर्मा, उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष श्री हृदय नारायण दीक्षित, समाजवादी नेता श्री मुलायम सिंह यादव, मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना, मंत्री श्री सूर्य प्रतात शाही, मंत्री डॉ0 रीता बहुगुणा जोशी, तथा पक्ष एवं विपक्ष के नेता भी शामिल थे।

अशोक/दिलशाद/राजभवन (406/31)

Marching Ahead
Ram Naik